बाराबंकी EXPRESS

लखनऊ : वैदिक विज्ञान केंद्र के तत्वाधान में स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज में आयोजित हुआ योग प्रशिक्षण सत्र

By Barabankiexpress-admin - April 30, 2022 37 0

लखनऊ । 01 मई 2022

वैदिक विज्ञान केंद्र के तत्वाधान में स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज (एसएमएस) लखनऊ में 22 और 30 अप्रैल 2022 को दो दिवसीय योग प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया । सत्र का संचालन प्रसिद्ध वैज्ञानिक डॉ भरत राज सिंह महानिदेशक (तकनीकी) एसएमएस द्वारा किया गया था। जिन्होंने चक्रों को जागृत करना, याददाश्त में वृद्धि, कुंडलिनी का जागरण, ओम के महत्व और सुपर ब्रेन योग और ध्यान जैसे योग की पौराणिक विज्ञान से ध्यान केंद्रित किया जाना के विषय मे विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

उक्त सत्र में शरद सिंह सचिव व मुख्य कार्यकारी अधिकारी एसएमएस ने भाग लिया और प्रो डॉ मनोज मेहरोत्रा (निदेशक), डॉ धर्मेंद्र सिंह (अधिष्ठाता), विभागाध्यक्ष, संकाय और स्टाफ सदस्य और उपस्थित छात्र और छात्राओ द्वारा योग प्रशिक्षक के अनुभव और ज्ञान से अत्यधिक लाभान्वित हुए। उक्त सत्र पूर्णतयः वैज्ञानिक साक्ष्यों पर आधारित जानकारीपूर्ण और जीवंत रहा। सत्र का समापन डॉ सुमित नारायण जरहोलिया, प्रिंसिपल डिप्लोमा इंजीनियरिंग द्वारा किया गया, जिन्होंने धन्यवाद ज्ञापित किया और सत्र में उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया । डॉ जरहोलिया ने सुबह की प्रार्थना के दौरान ॐ के जाप की शुरुआत कराने की घोषणा की।

रिपोर्ट- सरला यादव